CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 18 | बिजौलिया - शुक्रवार,14 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## पेड़ काटने से लेकर शादी तक... राजस्थान में बदलेंगे कई बड़े नियम

### कैबिनेट ने ट्री प्रोटेक्शन और यूसीसी बिल को दी मंजूरी, बिना अनुमति पेड़ काटने पर 1 लाख जुर्माना; 60 दिन में विवाह पंजीयन जरूरी



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण से लेकर शादी, संपत्ति और सरकारी कर्मचारियों से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में राजस्थान ट्रीज (प्रोटेक्शन) बिल-2026 और राजस्थान यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) बिल-2026 के मसौदे को मंजूरी दे दी गई। दोनों विधेयक आगामी विधानसभा सत्र में पेश किए जाएंगे। इसके साथ ही ग्रामीण पेयजल, शहीद सैनिकों के आश्रितों और सरकारी कर्मचारियों से जुड़े कई अहम फैसले भी किए गए।

**बिना अनुमति पेड़ काटा तो जेब पर पड़ेगा भारी असर**

प्रस्तावित ट्री प्रोटेक्शन कानून में खेजड़ी, रोहिड़ा, बरगद, पीपल, महुआ, कैर और चिरौंजी समेत 29 प्रजातियों को विशेष संरक्षण मिलेगा। बिना अनुमति पेड़ काटने पर एक साल तक जेल या एक लाख रुपए तक जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। अनुमति से पेड़ काटने पर उसी क्षेत्र में निर्धारित संख्या में पौधे लगाना भी अनिवार्य होगा।

**शादी होगी दर्ज, बहुविवाह पर रोक**

यूसीसी के तहत विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, भरण-पोषण और लिव-इन संबंधों के लिए समान कानूनी व्यवस्था प्रस्तावित है। कानून लागू होने के बाद हर विवाह का 60 दिन के भीतर पंजीयन कराना होगा। बहुविवाह पर रोक का प्रावधान है। हालांकि अलग-अलग धर्मों को अपनी परंपराओं के अनुसार विवाह करने की स्वतंत्रता रहेगी।

**बेटा-बेटी को संपत्ति में बराबर हक**

प्रस्तावित कानून में बेटे और बेटी को उत्तराधिकार में समान अधिकार देने का प्रावधान है। वसीयत के बिना मृत्यु होने पर संपत्ति के बंटवारे के लिए उत्तराधिकारियों की प्राथमिकता तय की जाएगी। लिव-इन संबंध शुरू करने और समाप्त करने की सूचना या पंजीयन का प्रावधान भी किया गया है। अनुसूचित जनजातियां यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगी।

**35 शहीद परिवारों को सरकारी नौकरी**

1971 के भारत-पाक युद्ध में घायल होने के बाद शहीद हुए राजस्थान के 35 सैनिकों के परिवारों के एक पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का रास्ता साफ किया गया है। इसके लिए संबंधित नियमों में संशोधन को मंजूरी दी गई।

**कर्मचारियों को पदोन्नति में दो साल की राहत**

सरकारी कर्मचारियों को 2026-27 में पदोन्नति के लिए आवश्यक अनुभव में दो साल की छूट मिलेगी। दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति में 30 जून 2016 से नॉशनल लाभ देने का फैसला किया गया है। मृत सरकारी कर्मचारी की बहू को भी अनुकंपा नियुक्ति का पात्र बनाया गया है।

**गांवों में पानी की व्यवस्था होगी मजबूत**

ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित और स्वच्छ नल जल आपूर्ति के लिए ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस पॉलिसी मंजूर की गई है। ग्राम पंचायत और ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियां स्थानीय स्तर पर पेयजल योजनाओं के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेंगी।

इसके अलावा महिला कर्मचारियों की चाइल्ड केयर लीव में राहत, सरोगेसी के मामलों में मातृत्व अवकाश, जनजाति क्षेत्र में 470 हॉस्टल अधीक्षक पदों की भर्ती और उद्योग व अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन जैसे फैसलों को भी मंजूरी दी गई।

## जमीनी विवाद में पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, पुलिसकर्मी पर पैसे मांगने और समझौते का दबाव बनाने का आरोप




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत**

गांधीनगर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और एसपी सागर राणा के समक्ष न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित ने ज्ञापन सौंपकर गांधीनगर थाने में तैनात कॉन्स्टेबल पर पैसे मांगने और मामले में समझौता करने का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित दिनेश सिंह राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2006 में उसके पिता ने एक प्लॉट खरीदा था। तब से उक्त जमीन पर उनका कब्जा है। इसी जमीन को सुरेश लखारा नामक व्यक्ति अपना बताते हुए विवाद खड़ा कर रहा है। दिनेश के अनुसार, जमीन को लेकर न्यायालय में मामला विचाराधीन है। आरोप है कि इसके बावजूद सुरेश लखारा और उसके परिवार के लोग जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और वहां बने क‘चे निर्माण को तोड़ दिया तथा कब्जे में रखी जमीन को नुकसान पहुंचाया।

पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर उसे धमकियां दी गईं। उसने बताया कि आरोपी कथित तौर पर ×0 लाख रुपये तक खर्च करने की बात कहते हुए उसे जमीन से हटाने की धमकी दे रहा है। धमकियों के चलते वह पिछले तीन दिनों से अपने घर नहीं जा पा रहा है और परिवार से भी नहीं मिल पा रहा।

दिनेश ने आरोप लगाया कि गांधीनगर थाने में उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई, जबकि दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। उसने गांधीनगर थाने में तैनात एक कॉन्स्टेबल पर पैसे मांगने और सेटलमेंट का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। पीड़ित ने एसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई और परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

## 309 निकायों में अध्यक्ष पदों का आरक्षण तय, 101 पद महिलाओं के लिए

### सातों संभागों में निकली लॉटरी, एससी के 50 में 16, एसटी के 11 में 3, ओबीसी के 60 में 20 और अनारक्षित 188 में 62 पद महिलाओं के खाते में

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान की 309 नगरीय निकायों में महापौर, सभापति और अध्यक्ष पदों के आरक्षण की तस्वीर गुरुवार को साफ हो गई। स्वायत्त शासन विभाग के सभागार में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में आरक्षण की लॉटरी निकाली गई। वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर की गई इस प्रक्रिया में महिला प्रतिनिधित्व को खास प्राथमिकता दी गई। कुल 309 अध्यक्ष पदों में से 101 पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं।

लॉटरी प्रक्रिया में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया कर्मियों की मौजूदगी रही। पारदर्शिता के लिए पूरी प्रक्रिया का निदेशालय के बाहर




डिजिटल स्क्रीन के जरिए लाइव प्रसारण भी किया गया।

**एससी, एसटी और ओबीसी में भी महिलाओं को हिस्सेदारी**

राज्यभर में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 50 पदों में 16, अनुसूचित जनजाति के 11 में से 3, अन्य पिछड़ा वर्ग के 60 में से 20 और अनारक्षित 188 पदों में से 62 पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इससे नगरीय निकायों में महिला नेतृत्व को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**जयपुर संभाग में 91 निकाय**

जयपुर संभाग की 91 नगरीय निकायों में एससी के 13 में से 4, एसटी के 6 में से 2, ओबीसी के 19 में से 6 और अनारक्षित 53 में से 18 पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं।

**अजमेर संभाग में 52 निकाय**

अजमेर संभाग की 52 नगरीय निकायों में एससी के 8 में से 3, ओबीसी के 10 में से 3 और अनारक्षित 34 में से 11 पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं।

**अन्य संभागों में भी महिला प्रतिनिधित्व**

उदयपुर संभाग की 28, जोधपुर की 41, कोटा की 28, बीकानेर की 37 और भरतपुर संभाग की 32 नगरीय निकायों के अध्यक्ष पदों के लिए भी आरक्षण तय किया गया। इन सभी संभागों में एससी, एसटी, ओबीसी और अनारक्षित श्रेणियों के तहत महिलाओं के लिए पद आरक्षित किए गए हैं।

## सोपुरा जाटों का में दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित चार घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव ।** क्षेत्र के सोपुरा जाटों का गांव में बुधवार दोपहर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का कस्बा स्थित चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कराया गया। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, उदा पिता सोनाथ जाट निवासी सोपुरा जाटों का ने रिपोर्ट में बताया कि वह बुधवार दोपहर करीब 2:15 बजे गांव में तेजाजी के चबूतरे के पास बैठा था। इसी दौरान लीला पत्नी नारायण जाट तथा विशाल पिता कन्हैयालाल जाट निवासी खजीना, हाल निवासी सोपुरा, कथित रूप से लाठी लेकर वहां पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उदा के सिर, हाथ और दोनों पैरों में चोटें आईं तथा वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर गया। बीच-बचाव करने आए उसके भाणेज बन्नालाल जाट पर भी हमला किया गया, जिससे उसके कंधे पर चोट लगी। लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से चले गए और धमकी देने का आरोप लगाया गया है।



वहीं दूसरे पक्ष की लीला पत्नी नारायण जाट ने रिपोर्ट में बताया कि जमीन विवाद के मामले में पुलिस उसके पति को लेकर गई थी। इसके बाद वह घर के पास स्थित नोहरे में पशुओं को चारा डालने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान बन्नालाल और उदयलाल लकड़ी लेकर नोहरे में आए और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके बाल पकड़कर नीचे गिराने तथा लकड़ी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया गया। बीच-बचाव करने आए उसके पुत्र विशाल के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उसकी पीठ में चोट लगी।

घटना में उदा जाट (70), बन्नालाल जाट (25), लीला जाट (30) और विशाल जाट (18) घायल हुए। चारों का कस्बा स्थित चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डोबिया में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

थाना क्षेत्र के डोबिया गांव में बुधवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद युवक लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा मिला। राहगीरों ने घटना की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार सतकुड़िया निवासी पुष्पचंद रेगर (30) मजदूरी का कार्य करता था। बुधवार रात वह तिलस्वा की ओर से बाइक से आ रहा था। इसी दौरान डोबिया गांव के चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में फूलचंद गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

ग्रामवासी सुनील धाकड़ ने बताया कि युवक को सड़क पर लहूलुहान हालत में देखकर एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30,माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

CMYK

# 17 अगस्त को निकलेगी आरक्षण की लॉटरी, निकाय और पंचायतीराज चुनाव की तैयारियां तेज

**नगर निकायों के वार्डों से लेकर पंचायत समिति, जिला परिषद सदस्य व प्रधान पदों का होगा आरक्षण**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में आगामी आम चुनाव-2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर पालिका और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए विभिन्न पदों एवं निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण की लॉटरी 17 अगस्त को निकाली जाएगी। नगर निकायों के वार्डों का आरक्षण सुबह होगा, जबकि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों तथा प्रधान पदों के आरक्षण की प्रक्रिया दोपहर में आयोजित की जाएगी। आरक्षण की लॉटरी के बाद जिले में चुनावी तस्वीर और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

**सुबह नगर निकायों के वार्डों की लॉटरी**

स्वायत्त शासन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार नगर पालिका आम चुनाव-2026 के तहत जिले की नगर निगम एवं नगर पालिकाओं के सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों के पदों व सीटों के आरक्षण की लॉटरी 17 अगस्त 2026 को सुबह 9:30 बजे जिला कलक्टर कार्यालय परिसर स्थित सभागार में निकाली जाएगी।

इस प्रक्रिया में नगर निगम के साथ आसींद, गुलाबपुरा, गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, बीगोद, माण्डलगढ़ एवं बिजौलिया नगर पालिकाओं के वार्डों के आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा।

**दोपहर में पंचायतीराज संस्थाओं का आरक्षण**

वहीं पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों तथा प्रधान पदों एवं सीटों के आरक्षण की लॉटरी 17 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे जिला कलक्टर कार्यालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि पंचायतीराज विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार दोनों चुनावों के लिए आरक्षण एवं लॉटरी की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूरी की जाएगी।

आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न वार्डों, जिला परिषद एवं पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्रों तथा प्रधान पदों के लिए आरक्षण की स्थिति सामने आएगी। इसके साथ ही संभावित प्रत्याशियों की चुनावी तैयारियों और राजनीतिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है।

# बिजौलिया में पहली बार निकाय चुनाव, महिला के लिए आरक्षित हुआ अध्यक्ष पद

**25 वार्डों में होगा मुकाबला, करीब 13 हजार मतदाता करेंगे मतदान , अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारों की चर्चा तेज**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**शुभम जैन।** ग्राम पंचायत से नगर पालिका में क्रमोन्नत होने के बाद बिजौलिया में पहली बार होने जा रहे नगर पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित होने के बाद अब स्थानीय राजनीति में नए समीकरण बनने लगे हैं। आरक्षण की घोषणा के साथ ही संभावित महिला दावेदारों के नामों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

बिजौलिया में पहली बार निकाय चुनाव होने से आमजन में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक ग्राम पंचायत के स्तर पर होने वाले चुनाव के बाद पहली बार नगर पालिका के रूप में मतदाता अपने वार्ड से पार्षद चुनेंगे। ऐसे में चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के साथ ही स्थानीय स्तर पर भी गतिविधियां बढ़ने लगी हैं।

**25 वार्डों में करीब 13 हजार मतदाता**

नगर पालिका क्षेत्र में 25 वार्ड बनाए गए हैं। इन वार्डों में करीब 13 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए 25 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। पहली बार नगर पालिका चुनाव होने के कारण वार्ड परिसीमन से लेकर प्रत्याशियों के चयन तक हर स्तर पर लोगों की नजर बनी हुई है।

**महिला सीट ने बदली चुनावी तस्वीर**

अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित होने के बाद अब राजनीतिक दलों में संभावित महिला प्रत्याशियों को लेकर मंथन शुरू होने की संभावना है। स्थानीय राजनीतिक परिवारों से जुड़ी महिलाओं के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं के नाम भी चर्चाओं में आने लगे हैं। वहीं निर्दलीय स्तर पर भी कई दावेदार चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

**वार्डों में भी बढ़ेगी राजनीतिक सक्रियता**

अध्यक्ष पद के आरक्षण के साथ अब सबसे ज्यादा नजर 25 वार्डों के संभावित प्रत्याशियों पर रहेगी। राजनीतिक दल वार्डवार मजबूत चेहरे तलाशने के साथ जातीय और स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखकर रणनीति तैयार करेंगे। वहीं लंबे समय बाद नगर पालिका के रूप में होने वाले चुनाव में स्थानीय मुद्दे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पहली बार होने वाले निकाय चुनाव में पार्षद पद के लिए किस वार्ड से कौन मैदान में उतरता है और अध्यक्ष पद के लिए कौन-कौन सी महिला दावेदार सामने आती हैं, इसे लेकर आने वाले दिनों में तस्वीर साफ होगी।

# रावणा राजपूत नवयुवक मंडल का हुआ गठन



बिजौलिया । रावणा राजपूत समाज नवयुवक मंडल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

रावणा राजपूत समाज के युवाओं को संगठित करने और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रावणा राजपूत नवयुवक मंडल का गठन किया गया। इसमें संदीप सिंह सोलंकी को अध्यक्ष, मोनू शक्तावत को उपाध्यक्ष तथा अजय सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवगठित मंडल के गठन के दौरान समाज के युवाओं ने संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदीप कानावत, अतुल चौहान, टोनू सोलंकी, करन चौहान, सोनू सिसोदिया, राज राजावत, अजय तंवर एवं विक्रम चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मालीपुरा-थडोदा सड़क लंबे समय से बदहाल, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों की राह मुश्किल



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़** मालीपुरा से थडोदा जाने वाली सड़क लंबे समय से बदहाल पड़ी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से बुजुर्गों, स्कूली बच्चों, राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, रोजाना इस मार्ग से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे आवागमन करते हैं। खराब सड़क के कारण बच्चों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं बुजुर्गों और पैदल राहगीरों को भी गड्ढों एवं उबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरने में काफी परेशानी होती है। बारिश के दिनों में सड़क की हालत और अधिक खराब हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है और वाहन चालकों के लिए भी हादसे का खतरा बढ़ जाता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मालीपुरा-थडोदा सड़क की शीघ्र मरम्मत करवाने तथा स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिल सके।

# बिजोलिया में निकली तिरंगा यात्रा, सैकड़ों बच्चों ने लिया हिस्सा

**भारत माता के जयघोष से गूंजा कस्बा, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को बिजोलिया में तिरंगा यात्रा निकाली गई। उपखंड कार्यालय से शुरू हुई यात्रा में सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भाग लिया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से यात्रा मार्ग गूंजता रहा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ विधायक गोपाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नगर पालिका चौक पहुंची, जहां समापन हुआ। यात्रा में विद्यार्थियों के साथ युवा, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए।

**जगह-जगह हुआ स्वागत**

यात्रा के दौरान विद्यार्थी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति गीतों और नारों के साथ आगे बढ़े। मार्ग में कई स्थानों पर कस्बावासियों ने पुष्प वर्षा कर विद्यार्थियों और अन्य प्रतिभागियों का स्वागत किया। यात्रा के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

**तिरंगा देश की एकता का प्रतीक : खंडेलवाल**

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और वीर शहीदों के बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, तहसीलदार ललित डीडवानिया, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन पूजा चंद्रवाल, एसीबीईओ कन्हैया लाल शर्मा, प्रधानाचार्य दिलीप महावर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में, पुलिस लाइन मैदान में हुआ रिहर्सल

**जिला कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा**





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के तहत गुरुवार को जिला स्तरीय समारोह स्थल पुलिस लाइन मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने रिहर्सल के दौरान व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया।

रिहर्सल में ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, परेड, सलामी, व्यायाम प्रदर्शन सहित समारोह में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का अभ्यास किया।


जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा समारोह स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है । समारोह में अनुशासन, समयबद्धता एवं गरिमा बनाए रखते हुए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

रिहर्सल के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन हरीतिमा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, एडिशनल एसपी राजेश आर्य, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास ओएसडी पुनीत गेलरा, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरुणा गारू सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# हरियाली अमावस्या पर बिजौलिया में सजे महादेव के दिव्य दरबार, बाबा बर्फानी की झांकी के हुए दर्शन






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

पवित्र सावन माह में हरियाली अमावस्या के अवसर पर बुधवार रात बिजौलिया में विभिन्न शिव मंदिरों में भव्य धार्मिक आयोजन हुए। श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर और मंदाकिनी महाकाल महादेव मंदिर में भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार किया गया। दर्शन के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंजते रहे।

श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में आयोजन के तहत नंदी जी पर भगवान महादेव और माता पार्वती की भव्य झांकी सजाई गई, जो नगर भ्रमण के बाद मंदिर पहुंची। इसके बाद भगवान महादेव का आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शिव के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक गोकुल शर्मा भी पहुंचे। आयोजन श्री नर्मदेश्वर महादेव कमेटी के सदस्यों की ओर से किया गया।

वहीं मंदाकिनी महाकाल महादेव मंदिर में हरियाली अमावस्या पर बाबा बर्फानी अमरनाथ की भव्य एवं दिव्य झांकी सजाई गई। कोटा के भक्तजनों की ओर से तैयार की गई झांकी में बाबा बर्फानी के अमरनाथ स्वरूप को आकर्षक रूप से सजाया गया। शाम 6 बजे से अर्धरात्रि तक श्रद्धालुओं ने झांकी के दर्शन किए और भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

दोनों मंदिरों में हुए भव्य आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हरियाली अमावस्या की रात शिव मंदिरों में भक्ति, आस्था और धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा।



QUICK BITES

## 700 मीटर अधूरी सड़क निर्माण पर प्रशासन सक्रिय, वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



राष्ट्रीय राजमार्ग 158 पर आसींद कस्बे के भीतर लगभग 700 मीटर अधूरी सड़क निर्माण की समस्या को लेकर प्रमुख समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पर इसका बड़ा असर देखने को मिला है। सीएलजी की बैठक में इस 700 मीटर अधूरे मार्ग पर वैकल्पिक रास्ता बनाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई थी। इस गंभीर समस्या को समाचार पत्र में प्राथमिकता के साथ प्रकाशित किया गया, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे तत्काल संज्ञान में लिया।

**थानाधिकारी व समाजसेवी के प्रयासों से मिली सफलता**

थानाधिकारी श्रद्धा पंचोरी एवं समाजसेवी निर्मल जी मेहता के प्रयासों से नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से वार्ता की गई। वार्ता के सकारात्मक परिणाम स्वरूप स्थल पर पोकलेन, डंपर और अन्य भारी मशीनरी लगाकर वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है।

**श्रद्धालुओं और आमजन को मिलेगी बड़ी राहत**

आगामी दिनों में सवाई भोज एवं मालासेरी डूंगरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होगा। अधूरी सड़क के कारण यातायात बाधित हो रहा था और आमजन तथा श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब इस वैकल्पिक मार्ग के तैयार होने से यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और सभी यात्रियों व श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगी।

## आचार्य आनंद ऋषि जन्म जयंती पर 70 तपस्वियों ने किया एकासन

**गुरु के प्रति श्रद्धा व सद्भावना के साथ मनाया एकासन दिवस**

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ गौरव, प्रखर वक्ता परम पूज्य श्री रवीन्द्र मुनि जी मसा 'नीरज' के सानिध्य में आचार्य सम्राट परम पूज्य श्री आनंद ऋषि जी मसा की 126वीं जन्म जयंती के अवसर पर एकासन दिवस का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम में 70 तपस्वियों ने एकासन तप कर गुरु के प्रति श्रद्धा और सद्भावना व्यक्त की। प्रवचन के दौरान पूज्य श्री रवीन्द्र मुनि जी मसा ने कहा कि गुरु का जीवन साधना, संयम और त्याग की प्रेरणा देता है। गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन को संयमित एवं संस्कारित बनाना ही सच्ची गुरु भक्ति है। उन्होंने कहा कि तप आत्मशुद्धि का श्रेष्ठ साधन है। एकासन केवल आहार की मर्यादा नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म को संयमित करने का अभ्यास भी है। उन्होंने आचार्य सम्राट श्री आनंद ऋषि जी मसा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए श्रावक-श्राविकाओं से अधिक से अधिक तप एवं धार्मिक साधना से जुड़ने का आह्वान किया। प्रवचन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु भक्ति एवं तप का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुलेखा पोखरना, सुनीता पोखरना एवं अनिता पोखरना ने भावपूर्ण गीतिका प्रस्तुत कर आचार्य श्री आनंद ऋषि जी मसा का गुणगान किया। गीतिका के माध्यम से गुरु की महिमा और उनके त्यागमय जीवन का सुंदर वर्णन किया गया जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। एकासन दिवस के सफल आयोजन पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कोटड़ी एवं श्री शीतल वेणी मोहन वर्षावास समिति की ओर से सभी तपस्वियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।




# आचार्य आनंद ऋषिजी की जीवनगाथा का गुणगान, जन्मजयंती पर 1008 से अधिक आयंबिल तप की भव्य भेंट अर्पित

**शरीर और संयम की चादर को जीवनभर मलिन नहीं होने दिया आनंद ऋषिजी ने : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत**





राष्ट्रसंत आचार्य सम्राट आनंद ऋषिजी महाराज की 126वीं जन्म जयंती शांतिभवन में श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी, यशोदिप्ती मधुकंवरजी, उप प्रवर्तिनी दिव्यज्योतिजी, महासती सुचेताजी, स्मितभाषी प्रियुदर्शनाजी सहित संत-साध्वी वृंद के सान्निध्य में मनाई गई। इस अवसर पर तपस्वी भाई-बहनों ने सामूहिक रूप से 1008 आयंबिल तप की आराधना कर आचार्यश्री के चरणों में तप की भेंट अर्पित की।

जन्मजयंती गुणगान समारोह में युवाचार्यश्री ने आचार्य आनंद ऋषिजी के व्यक्तित्व और संयममय जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यक्तित्व की वास्तविक पहचान बाहरी रूप से नहीं, बल्कि भीतर की शुचिता, शील और आचरण से होती है। बाहर दिखाई देने वाला व्यक्तित्व और भीतर का अस्तित्व अलग होता है। चेहरा कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, वास्तविक श्रेष्ठता अंतरंग पवित्रता से प्रकट होती है। आचार्यश्री की जीवनशैली में स्वच्छता केवल शरीर और वस्त्रों तक सीमित नहीं थी। उनके व्यवहार में सदाचार की सुगंध, विचारों में निर्मलता और प्रत्येक व्यक्ति के प्रति मंगलभाव सहज दिखाई देता था। उनका चलना, बैठना और व्यवहार भी उनके अंतरंग व्यक्तित्व की गरिमा को प्रकट करता था। उस महापुरुष के चरण जहां-जहां पड़े, वहां की रज तक लोगों ने श्रद्धा से सुरक्षित रखी। उनके प्रति यह गहरी आस्था उनके पवित्र आचरण और संयममय जीवन की ही अभिव्यक्ति थी।

युवाचार्यश्री ने कहा कि आचार्यश्री के जीवन में वात्सल्य और अनुशासन का अद्भुत संतुलन था। वे अपनी असुविधा से अधिक दूसरों की साता का ध्यान रखते और किसी के मन को ठेस न पहुंचे, इसका भी ख्याल रखते थे। वहीं साधुचर्या, अनुशासन और मर्यादा के मामले में किसी प्रकार का समझौता नहीं करते थे।

उन्होंने कहा कि आचार्यश्री ने इंसानों को भी संभाला और पात्रों को भी। शिष्य का हित, संघ की मर्यादा और साधु जीवन का अनुशासन उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण था। उनका वात्सल्य व्यक्ति के प्रति था, लेकिन सिद्धांतों में कोई शिथिलता नहीं थी।

युवाचार्यश्री ने कहा कि शरीर माता-पिता से मिली चादर है और संयम गुरु से मिली चादर। आचार्य आनंद ऋषिजी ने दोनों चादरों को जीवनभर मलिन नहीं होने दिया। शरीर के प्रति सजगता रखते हुए उन्होंने साधुचर्या की मर्यादा और संयम का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया। गुरु से प्राप्त संयम को उन्होंने शील, सदाचार, अनुशासन और सिद्धांतनिष्ठ जीवन से गरिमा प्रदान की।

उन्होंने कहा कि आचार्यश्री का जीवन उस महापुरुष की जीवनगाथा है, जिसने गुरु से मिली संयम की चादर को केवल धारण नहीं किया, बल्कि अपने आचरण से उसकी मर्यादा को जीवनभर निभाया। उनकी जन्मजयंती पर उनका स्मरण तभी सार्थक है, जब उनके जीवन से मिले इन मूल्यों को अपने आचरण में उतारने का भाव जागे।

इस अवसर पर हितमितभाषी हितेंद्र ऋषि जी, महासती प्रियुदर्शनाजी,विदुषी सुप्रभाजी, साध्वी चिंतनश्रीजी, साध्वी काव्याश्रीजी एवं यश सुशिष्या सुप्रभाजी आदि ने भजन एवं विचारों के माध्यम से आचार्यश्री के जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि आचार्यश्री शरीर रूप में भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके संस्कार, विचार और गुण आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं।

इसदौरान साध्वी नाव्याश्रीजी के 11 उपवास पूर्ण होने पर युवाचार्यश्री ने उन्हें आदर की चादर प्रदान कर तप की अनुमोदना की।महिला मंडल की बहनों ने भी नौ उपवास का संकल्प लेकर साध्वीजी को आदर की चादर ओढ़ाई। वहीं 29 उपवास की दीर्घ तपस्या पूर्ण करने वाली आशादेवी कुकड़ा का श्री संघ, महावीर युवक मंडल एवं शांति जैन महिला मंडल की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

शांतिभवन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद चीपड़ एवं मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि जन्मजयंती समारोह में 1008 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने युवाचार्यश्री से आयंबिल तप के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। आचार्य आनंद ऋषिजी महाराज की जन्मजयंती पर हुई इस सामूहिक तप आयंबिल के लाभार्थी नवरतनमल बंब का श्री संघ की ओर से अभिनंदन किया गया। तथा तपस्यार्थियों के तप की सामूहिक रुप अनुमोदना की गई

# सवाईपुर विद्यालय में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, तिरंगा यात्रा ने रचा इतिहास, 131 फीट का तिरंगा बना आर्कषण, 700 बच्चों ने लिया भाग

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** राज्य सरकार और शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को सवाईपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा निकाली गई, तिरंगा यात्रा में 131 फीट का तिरंगा आकर्षण का केंद्र बना और तिरंगे के साथ सेल्फी लेने की होड मची रही । सरकारी स्कूल द्वारा तिरंगा यात्रा में सबसे अधिक लंबाई का 131 फीट तिरंगा शामिल कर सवाईपुर विद्यालय ने रिकॉर्ड बनाते हुए इतिहास रच दिया । कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों ने भी तिरंगा यात्रा की सराहना की । तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी व शांति लाल आचार्य, गोविंद प्रजापत, सांवरमल वैष्णव, अभिषेक श्रोत्रिय का स्वागत किया ।

पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी व प्रधानाचार्य डा. प्रतिष्ठा ठाकुर ने विद्यालय प्रांगण से झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को शुरू किया । तिरंगा यात्रा विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर तेजाजी चौक, सालरिया मार्ग, बड़ा मंदिर, गाड़री मोहल्ला, विद्युत ग्रेड, भगवा सर्किल, मुख्य बस स्टैंड होते हुए विद्यालय में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ ।

तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पर ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, भारत माता, वंदे मातरम, इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारों व देशभक्ति गानों से वातावरण भक्तिमय हो गया, 700 से अधिक बच्चों ने इस तिरंगा यात्रा में भाग लिया । तिरंगा यात्रा में प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर के नेतृत्व मे विद्यालय के सभी विद्यार्थी और विद्यालय का समस्त स्टाफ हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के गीतों पर नाचते और देशभक्ति के नारे से जयकारे करते 131 फीट लंबे तिरंगे के साथ चल रह थे ।

यह दृश्य देखने लायक था, जिस रास्ते से यह तिरंगा यात्रा गुजरी, वहां ग्रामीणों ने इस तिरंगा यात्रा को अपने मोबाइल फोन के कमरे में कैद कर लिया । इस तिरंगा यात्रा की सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण जनों ने प्रशंसा की और सवाईपुर में दुसरी बार आयोजित हुए, इस शानदार तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी ने विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. ठाकुर की सराहना की ।।

# बिजोलिया क्षेत्र में शिक्षा सुविधाओं को मिली सौगात

**विधायक गोपाल खंडेलवाल ने 6 कक्षा-कक्षों और बरामदे का किया लोकार्पण, छोटी बिजोलिया में डोम निर्माण की घोषणा**





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवारी ।** मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा सुविधाओं के विस्तार को लेकर विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल ने छोटी बिजोलिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नव-निर्मित चार कक्षा-कक्षों तथा बिजोलिया के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में डीएमएफटी मद से निर्मित दो कक्षा-कक्ष एवं बरामदे का लोकार्पण किया। इस दौरान छोटी बिजोलिया विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए डोम निर्माण की घोषणा भी की गई।

**शिक्षा सुविधाओं के विस्तार पर जोर**

छोटी बिजोलिया विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक खंडेलवाल ने कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा और सड़क विकास को प्राथमिकता के साथ गति दी जा रही है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यकतानुसार हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई दिशा देने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

**बालिका विद्यालय को भी मिली नई सुविधा**

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजोलिया में डीएमएफटी मद से निर्मित दो नए कक्षा-कक्ष एवं बरामदे के लोकार्पण से छात्राओं को अतिरिक्त कक्षीय सुविधा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। विधायक ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

दोनों कार्यक्रमों में विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने विधायक का स्वागत कर विकास कार्यों के लिए आभार जताया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, मनोज गोधा, शांति लाल जोशी, प्रकाश शर्मा, मनोज सनाढ्य, जगदीश पुरी, मुकेश धाकड़, पूजा चंद्रवाल, हर्षेन्द्रा कंवर, कन्हैया शर्मा, सुनील जोशी, पंकज विजय, अनिल खटीक, हितेंद्र सिंह राजोरा, रमेश गुरुजी, धर्म सिंह पंवार, कमलेश कोली सहित भाजपा पदाधिकारी, विद्यालय स्टाफ, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा के आह्वान पर आज शहर में निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

## चारों शहरी मंडलों के अंतर्गत 70 वार्डों से उमड़ेगा राष्ट्रभक्ति का सैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी जिला भीलवाड़ा द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में निकलने वाली तिरंगा यात्राओं में राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहेंगे। यह भव्य यात्रा शहर के चारों शहरी मंडलों सुभाष मंडल, शास्त्री मंडल, प्रताप मंडल और गणेश मंडल के कुल 70 वार्डों को सम्मिलित करते हुए आयोजित की जाएगी। यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्षों एवं व्यवस्था




प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे चारों मंडलों द्वारा निर्धारित स्थानों से एक साथ तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी। इसके तहत शास्त्री मंडल दूधाधारी मंदिर, सांगानेरी गेट से, प्रताप मंडल हनुमान मंदिर कुंभा सर्किल से, गणेश मंडल पुलिस लाइन के पास, अजमेर पुलिया से और सुभाष मंडल मोदी ग्राउंड से अपनी-अपनी तिरंगा रैलियां निकालेंगे जो सभी टंकी के बालाजी मंदिर के निकट भाजपा कार्यालय पहुंचकर संपन्न होगी, जहां मुख्य समारोह आयोजित होगा।

यात्रा के दौरान पूरा भीलवाड़ा शहर देशभक्ति से ओत-प्रोत रहेगा और भारत माता की जय के गूंजते जयकारों से सराबोर रहेगा। भाजपा जिला संगठन ने शहर के सभी आम नागरिकों, युवाओं, मातृशक्ति और विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर इस भव्य यात्रा में शामिल हों और राष्ट्रभक्ति के इस महाउत्सव के साक्षी बनें।

# शाहपुरा की सियासत में खुला 'सामान्य पुरुष' का रास्ता

## अध्यक्ष पद की लॉटरी से बदले चुनावी समीकरण, दावेदारों की धड़कनें तेज

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी।** नगर पालिका चुनाव की सियासत ने गुरुवार को नया मोड़ ले लिया। अध्यक्ष पद की आरक्षण लॉटरी में सीट सामान्य पुरुष वर्ग के लिए आरक्षित होने के साथ ही पालिका अध्यक्ष की दौड़ में संभावित दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है। लॉटरी के नतीजे सामने आते ही भाजपा-कांग्रेस सहित स्थानीय राजनीति में नए सिरे से समीकरण बनने लगे हैं।

पांच वर्ष पहले अध्यक्ष पद ओबीसी पुरुष वर्ग के लिए आरक्षित था और भाजपा का बोर्ड बनने के बाद रघुनंदन सोनी अध्यक्ष बने थे। इस बार सामान्य पुरुष वर्ग के लिए मैदान खुलने से कई नए चेहरों के लिए भी अध्यक्ष पद की दावेदारी का रास्ता साफ हुआ है। चुनाव की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन संभावित दावेदारों ने समर्थकों और राजनीतिक संपर्कों को साधना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर भी चेहरों की सक्रियता बढ़ने लगी है।

**35 वार्डों में 23,152 मतदाता**

शाहपुरा नगर पालिका में कुल 35 वार्ड हैं। इनमें 11,414 पुरुष और 11,738 महिला सहित कुल 23,152 मतदाता हैं। चुनाव के लिए 35 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। अध्यक्ष पद पर कब्जे के लिए राजनीतिक दलों के साथ स्थानीय गुटों की नजर भी बहुमत के आंकड़े पर रहेगी।

**जिला बहाली का मुद्दा रहेगा अहम**

इस बार पालिका चुनाव में शाहपुरा के जिला दर्जे की बहाली का मुद्दा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पिछली सरकार के कार्यकाल में शाहपुरा को जिला बनाया गया था, लेकिन करीब 513 दिन बाद वर्तमान सरकार ने जिला समाप्त कर दिया। इसके बाद से जिला बहाली की मांग को लेकर आंदोलन जारी है।




चुनाव में प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों से यह सवाल पूछा जा सकता है कि शाहपुरा को जिला वापस दिलाने के लिए किसने कितनी मजबूती से आवाज उठाई। ऐसे में जिला बहाली का मुद्दा चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।

**अब वार्ड आरक्षण और चुनाव कार्यक्रम का इंतजार**

अध्यक्ष पद का आरक्षण तय होने के बाद अब वार्डवार आरक्षण की प्रक्रिया पर नजर है। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव कार्यक्रम जारी करेगा। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही आचार संहिता लागू होगी। फिलहाल चुनाव की तारीख का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन अध्यक्ष पद के आरक्षण के साथ ही शाहपुरा में चुनावी हलचल तेज हो गई है। अब मुकाबला सिर्फ पार्षद बनने का नहीं, बल्कि पालिका की सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेने का होगा। सामान्य पुरुष वर्ग के लिए खुली अध्यक्ष पद की कुर्सी पर आखिर कौन बैठेगा, इसका फैसला चुनाव परिणाम और उसके बाद बनने वाले बहुमत से होगा।

# 'सिविल संन्यासी' बनकर राष्ट्रसेवा में जुटे हैं संघ-विहिप कार्यकर्ता: जगतगुरु स्वामी रामदयाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

राष्ट्रसेवा और समाजसेवा को जीवन का ध्येय बनाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता निरंतर मानवता की सेवा में जुटे हुए हैं। ये कार्यकर्ता सही मायने में 'सिविल संन्यासी' हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के दिन-रात समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। यह विचार श्री रामस्नेही संप्रदाय के प्रधान पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी रामदयालजी महाराज ने विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों के साथ हुई चर्चा के दौरान व्यक्त किए।

विश्व हिंदू परिषद राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री एवं सेवानिवृत्त इंजीनियर सुरेश उपाध्याय (जयपुर) चातुर्मास में साधनारत संतों के दर्शन के लिए भीलवाड़ा पहुंचे। उन्होंने श्री रामद्वारा में चातुर्मास कर रहे जगतगुरु स्वामी रामदयालजी महाराज के दर्शन कर



आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के ओमप्रकाश बुलिया, बद्रीलाल सोमानी, प्रांत सह मंत्री एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश किशन गुर्जर (अजमेर), प्रांत सह मंत्री युधिष्ठिर सिंह हाड़ा (कोटा), वनवासी कल्याण परिषद के प्रांत मंत्री रामप्रकाश अग्रवाल, शिक्षक संघ के जयकांत पत्रिया तथा सत्यनारायण जांगिड़ भी मौजूद रहे।

सभी पदाधिकारियों ने जगतगुरु स्वामी रामदयालजी महाराज से आशीर्वाद लिया। विश्व शांति कल्याण चातुर्मास आयोजन समिति, भीलवाड़ा की ओर से अशोक कुमार अजमेरा, मुरली ईनाणी एवं शिव गगरानी ने सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

**युवाओं को जगाने की जरूरत**

जगतगुरु स्वामी रामदयालजी महाराज ने कहा कि श्री रामस्नेही संप्रदाय के संत और भक्त सदैव सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पित रहे हैं और भविष्य में भी इसी भावना के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज के सामने सबसे बड़ी आवश्यकता युवाओं को जागृत और संस्कारित करने की है।

उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि युवाओं को राष्ट्र, समाज और संस्कृति से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं। युवा शक्ति को सही दिशा मिलेगी तो समाज मजबूत होगा और इसी के माध्यम से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

**सनातन और राष्ट्रसेवा पर मंथन**

बैठक के दौरान सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, समाज संगठन, युवा जागरण और राष्ट्रसेवा सहित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई। संत और संगठन के पदाधिकारियों के बीच समाज में संस्कारों के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

स्वामी रामदयालजी महाराज ने कहा कि समाज की शक्ति उसके संस्कारों और संगठन में निहित है। ऐसे में संत समाज और सामाजिक संगठनों को मिलकर युवा पीढ़ी के भीतर राष्ट्रभक्ति, सेवा, संस्कार और संस्कृति के प्रति चेतना जगाने का कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने भी सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में चल रहे सेवा कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं को लेकर अपने विचार रखे। संतों के सानिध्य में हुई इस चर्चा को समाज और संगठन के बीच समन्वय की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना गया।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हलेड़ में 'हर घर तिरंगा'

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला:**

हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हलेड़ में आज एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी शारीरिक शिक्षक मुकेश कुमावत ने बताया की

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना तथा प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-



छात्राओं द्वारा एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। हाथों में तिरंगा थामे और 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' तथा 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' के गगनभेदी नारे लगाते हुए विद्यार्थी गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकले ।विद्यालय में छात्र छात्राओं ने तिरंगे झंडों से झाँकी बनाई । प्रधानाचार्य अशोक कुमार अग्रवाल ने बच्चों को भारतीय स्वतंत्रता अभियान में महापुरुषों के योगदान के बारे में बताया । इस अवसर पर कमलेश कुमारी मीना ,शकुंतला शर्मा , प्रेरणा त्रिपाठी , सत्यनारायण मारू , ओम प्रकाश चौधरी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे ।

## QUICK BITES

# आसींद में नवदिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



'श्री शिव शक्ति भक्त मंडली' के तत्वावधान में नवदिवसीय श्री शिव महापुराण भव्य कथा का आयोजन 13 अगस्त से 21 अगस्त 2026 तक नरसिंह द्वारा मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा नगर में निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर, पारंपरिक परिधानों में गाजे-बाजे और भजन-कीर्तन के साथ शामिल हुईं। शोभायात्रा के दौरान कथावाचक श्रद्धेय संत स्वामी श्री भागवत शरण जी महाराज (वृंदावन धाम) अश्वरथ पर सवार होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते नजर आए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। डॉ प्रीतम चन्द गुप्ता ने बताया कि कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगा। कथा के दौरान स्वामी जी के श्रीमुख से शिव महिमा, शिव-पार्वती विवाह और शिव पुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। मंडली सदस्यों ने कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर कैलाश तोषनीवाल, रमेश टेलर, सुखदेव कुमावत, श्याम सिंह, आरिफ मोहम्मद सहित महिला पुरुष भक्तजन मौजूद रहे ।

# न्यायालय परिसर में डाक बुकिंग काउंटर शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सेशन कोर्ट एवं अधिवक्ता चैंबर क्षेत्र में अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए फिनार्क लीगल, एडवोकेट्स चैंबर बिल्डिंग में भारतीय डाक विभाग के अधिकृत डाक बुकिंग काउंटर का शुभारंभ जिला न्यायाधीश अभय जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा एवं जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष एडवोकेट उम्मेदसिंह राठौड़ ने किया।

काउंटर पर स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट और पार्सल सर्विस सहित अधिकृत डाक सेवाओं की बुकिंग की सुविधा मिलेगी। सभी बुकिंग भारतीय डाक के अधिकृत सिस्टम से होगी और रसीद भी प्रदान की जाएगी।

दोपहर 3:30 बजे तक बुक डाक उसी दिन डिस्पैच होगी, जबकि इसके बाद की डाक अगले कार्य दिवस में भेजी जाएगी। सुविधा शुरू होने से अधिवक्ताओं एवं न्यायालय आने वाले पक्षकारों को डाक बुक कराने के लिए हेड पोस्ट ऑफिस जाने की जरूरत नहीं होगी।

काउंटर शुरू करवाने में एडवोकेट अजय नौलखा एवं नौलखा परिवार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बड़लियास में संतों व गौ सेवकों का किया सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** बड़लियास कस्बे में बालाजी की बगीची में गुरुवार को गौ माता राष्ट्र माता संकल्प सप्ताह के तहत संत महात्माओं व गौ सेवकों का सम्मान किया गया । निवृतमान पंचायत समिति सदस्य भंवर गूर्जर ने बताया कि पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता धीरज गुर्जर के जन्मोत्सव के समर्थक इस बार गौ माता को समर्पित करते हुए गौ माता को राष्ट्र माता संकल्प सप्ताह के तहत गुरुवार को बड़लियास कस्बे में मुख्य बस स्टैंड स्थित बालाजी की बगीची में संतों व गौ सेवकों का सम्मान किया गया । इस दौरान बालाजी बगीची के महाराज, बबलू खटीक गौ सेवा राष्ट्रीय सेवा टीम बडलियास, नरेश सांगावत गौ चिकित्सक सूठेपा, लोकेश रेगर गौ चिकित्सक बडलियास, रतन गुर्जर गौ शाला दोवनी, छितर प्रजापत व विनोद कीर को माला पहनाकर छाता लेकर सम्मान किया ।।

# जलझूलन महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



श्री चारभुजानाथ मंदिर कार्यालय में गुरुवार को श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी की बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी जलझूलन महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकारिणी ने इस वर्ष जलझूलन महोत्सव को भव्य एवं धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने ट्रस्ट के आय-व्यय का विवरण कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत किया। सदस्यों ने मंदिर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंदिर परिसर में की जा रही स्वच्छता व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सदस्यों ने कहा कि मंदिर में निरंतर हो रहे विकास कार्यों से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट सचिव श्याम सुंदर चेचानी, कोषाध्यक्ष चम्पालाल तेली, कार्यकारिणी सदस्य रामप्रसाद वैष्णव, भगवती लाल पोखरना, उछब सोनी, शांतिलाल टेलर, जगदीश चंद्र सोनी, कैलाश चंद्र काबरा, श्यामलाल लखारा, दर्शन कांटीवाल, श्रवण सेठी एवं लक्ष्मी लाल सेन सहित व्यवस्थापक घनश्याम पोरवाल, पुरुषोत्तम छापरवाल, कन्हैया लाल अहीर, शंकर लाल शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे। बैठक में आगामी जलझूलन महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने आपसी समन्वय से तैयारियां करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।